दिनांक 4 अगस्त 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

अन्य पिछड़ा वर्ग तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के सर्वेक्षण के लिए निगम सभागार में अधिकारियों ने लिया प्रशिक्षण

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर एवं अन्य पिछड़ा वर्ग का सर्वेक्षण कार्य किया जाना है जिसके लिए जोन आयुक्त को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा सहायक राजस्व अधिकारी सहायक नोडल अधिकारी होंगे! कार्य के सुचारू रूप से संपादन करने और सर्वे कार्य के लिए सुपरवाइजर भी नियुक्त हो चुके हैं! निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने इस कार्य के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं! इसी तारतम्य में पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के व्यक्तियों का डाटा एकत्रित करने के लिए आज निगम सभागार में प्रशिक्षण आयोजित हुआ! जिसमें उपायुक्त सुनील अग्रहरि , नोडल अधिकारी मनीष कुमार गायकवाड, पूजा पिल्ले, प्रीति सिंह एवं अमिताभ शर्मा तथा सहायक राजस्व अधिकारी एवं सुपरवाइजर उपस्थित थे! भिलाई निगम के 210 कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण आयोजित किया गया! सर्वे के दौरान ऐप एवं वेब के माध्यम से डाटा संग्रहित किया जाएगा! डाटा की प्रविष्टि एवं सुरक्षित रखने के लिए सुपरवाइजर को मोबाइल पर ऐप डाउनलोड करना होगा , जिसके लिए उन्हें आज प्रशिक्षित किया गया! विशेष बात यह है कि उपयोगकर्ता द्वारा स्वयं ही यूजर वेब www.cgqdc.in के माध्यम से आधार कार्ड , राशन कार्ड या मोबाइल नंबर के माध्यम से अपने डेटा की प्रविष्टि की जा सकती है! डेटा प्रविष्टि के लिए सामान्य जानकारी जैसे मुखिया का नाम, पिता/पति का नाम, लिंग, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, वर्ग, जाति, आर्थिक स्थिति, जिला, निकाय, वार्ड, पिन कोड , पता, विकासखंड, परिवार के अन्य सदस्यों का विवरण इत्यादि की प्रविष्टि करनी होगी! जिन उपयोगकर्ताओं के पास ऑनलाइन पंजीयन के लिए किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं है वह अपना पंजीयन नियुक्त सुपरवाइजर से करा सकते हैं! गौरतलब है कि अन्य पिछड़ा वर्ग तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों का सर्वेक्षण कर क्वांटिफायबल डाटा एकत्रित किया जाना है!

जनसंपर्क अधिकारी